दिनांकः 12.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे–मतदान की सभी तैयारियां पूरी।
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत आज जयपुर में आईटी और स्टार्टअप्स के प्री–समिट में 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए।
- जयपुर डिस्कॉम ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में रूफ टॉप सोलर कनेक्शन देने के लिए एसओपी जारी की।
- प्रदेश में आज देवोत्थान एकादशी पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान–अबूझ सावे के चलते विवाह समारोहों की धूम।

000

प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में कल उपचुनाव के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। इस बीच, कल होने वाले के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए आज अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों की रवानगी की गई। दौसा, रामगढ़, झुंझुनूं, देवली–उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले इन उपचुनाव के लिए कुल 1 हजार 915 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन पर 19 लाख 36 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 1 हजार 170 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए 9 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी नियुक्त किये गये हैं।

नागौर जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार पुरोहित ने बताया कि खींवसर निर्वाचन क्षेत्र के लिये नागौर के राजकीय विधि महाविद्यालय से मतदान दलों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि खींवसर सीट के लिए कुल 268 मतदान केन्द्र बनाये गये है। उधर टोंक जिले के देवली–उनियारा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए टोंक के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से मतदान दल रवाना हुए। वहीं डूंगरपुर के भोगीलाल पंडया राजकीय महाविद्यालय से मतदान दलों की रवानगी चौरासी विधानसभा क्षेत्र के लिये की गई। संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों ने सभी मतदान दलों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक मतदाताओं से वोट डालने की अपील की गई है।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत आज जयपुर में आईटी और स्टार्टअप्स का प्री–समिट हुआ। इसे संबोधित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान निवेश के लिए देश का सबसे अनुकूल राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है जिसमें कंपनियों के साथ एमओयू के साथ–साथ उन्हें धरातल पर उतारकर राज्य का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर 43 कंपनियों के साथ 6 हजार 52 करोड़ रुपए के निवेश करारों पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही डिजिटल राजस्थान यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में 145 स्टार्टअप को 5 करोड़ 65 लाख रुपए की फंडिंग के चेक की प्रतिकृति का अनावरण किया गया। कर्नल राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में सूचना प्रौद्योगिकी से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है और इसमें निवेश की असीम संभावनाएं हैं। प्री–समिट में प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि देश में जल्द ही सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से सिनेमा, गेमिंग, एन्टरटेन्मेंट और एनीमेशन के क्षेत्र में संभावओं को देखते हुए एक्सीलेंस सेंटर शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लिए सरकार विशेष पॉलिसी लाने पर भी काम कर रही है, जिससे आने वाले समय में कन्टेंट क्रिएटर्स को प्रोत्साहन मिलेगा।

000

देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह इस वित्तीय वर्ष में 12 लाख 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष एक अप्रैल से 10 नवंबर की अवधि के दौरान रिफंड के समायोजन से पहले सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 दशमलव दो प्रतिशत बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस अवधि के दौरान दो लाख 91 हजार करोड़ रुपये के रिफंड जारी किये गये, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स में भी पांच लाख 10 हजार करोड़ रुपये के संग्रह के साथ मामूली वृद्धि देखी गई, जो पिछले साल इस अवधि में चार लाख 79 हजार करोड़ रुपये दर्ज हुई थी।

000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को हासिल करने का एक मात्र माध्यम शिक्षा है। वे आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री प्रधान ने शिक्षा क्षेत्र के पाँच प्रमुख पहलुओं के सुधार पर बल दिया। इनमें बुनियादी ढांचा, नेतृत्व, पाठ्यक्रम, बहु–विषयक अनुसंधान शामिल हैं। श्री प्रधान ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अपने यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया और प्रत्येक राज्य की विशेष आवश्यकताओं के आधार पर पाठ्यक्रम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि खेल, वाद–विवाद, कविता, नाटक और गेमिंग जैसे विषयों को पहले केवल वैकल्पिक गतिविधियों के रूप में जाना जाता था, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इन विषयों पर पेशेवर पाठ्यक्रम बन रहे हैं। श्री प्रधान ने मातृभाषा में शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया।

000

जयपुर डिस्कॉम ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में रूफ टॉप सोलर कनेक्शन देने के काम को तेज और सुगम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी की है। इसमें आवेदकों तथा वेंडर्स के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को कम करने के साथ ही डिस्कॉम के स्तर पर किए जाने वाले कामों को ऑनलाइन करने की व्यवस्था है, जिससे लोड बढ़ाने, मीटर टेस्टिंग, साइट वेरीफिकेशन जैसे कामों के लिए आवेदक को कार्यालय जाने और अलग–अलग फाइल लगाने की जरूरत नहीं रहेगी।

डिस्कॉम चेयरमैन और जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने बताया कि डिस्कॉम्स के एनसीईएमएस मॉडयूल के जरिए पीएम सूर्यघर योजना में आवेदकों के 10 किलोवाट भार से संबंधित कनेक्शन तत्परता से ऑनलाइन जारी किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना में आवेदकों के लिए अब अलग से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी। इस योजना के तहत प्रदेश में अब तक साढे 16 हजार घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज भरतपुर के बयाना में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को बजट घोषणा के अनुसार कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा। साथ ही, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को सूपा गांव में 132 केवी और निभेरा में 220 केवी सब स्टेशनों के कार्य की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें जल्द ये काम पूरा करने के निर्देश दिए।

000

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। 1947 में दिल्ली स्थित आकाशवाणी के स्टूडियो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आगमन की याद में हर साल, यह दिन मनाया जाता है। महात्मा गांधी ने देश के विभाजन के बाद हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अस्थायी रूप से बसे विस्थापितों को संबोधित किया था। इस अवसर पर आज आकाशवाणी दिल्ली के परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

000

आज देवउठनी एकादशी है। इसे देवोत्थान एकादशी और देव प्रबोधनी एकादशी भी कहा जाता है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाए जाने वाले इस पर्व के साथ ही आज से विभिन्न मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो गई है। मंदिरों में आज तुलसी शालिग्राम विवाह आयोजित हुआ। अबूझ मुहुर्त होने के कारण आज विवाह समारोहों की भी धूम है। देवउठनी एकादशी के अवसर पर मंदिरों में विशेष आयोजन हो रहे हैं।

पाली के राधाकृष्ण मंदिर और कोटा के मथुराधीश मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। भरतपुर में बांकेबिहारी मंदिर में झांकी सजाई गई। घरों में महिलाओं ने मंगल गीत गाए।
पास के गोवर्धन धाम पहुंचकर जिले के श्रद्धालुओं ने गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। झालावाड़ में चंद्रमौलेश्वर मंदिर में भजन कीर्तन और अन्य आयोजन हुए। डीग जिले के कामां में स्थित तीर्थराज विमल कुंड को सवा लाख दीपकों से सजाया गया है। जैसलमेर में रुणिचा कुआं पर हवन, यज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेले में आज देवस्थान और पर्यटन विभाग द्वारा आध्यात्मिक यात्रा निकाली गई, जिसका खादिमों की संस्था अंजुमन की ओर से स्वागत किया गया। कार्तिक माह में पवित्र स्नान की परम्परा के अनुसरण में पुष्कर में आज से पंचतीर्थ स्नान शुरू हुआ। झालावाड़ के झालरापाटन में भी श्रद्धालुओं ने चंद्रभागा नदी में पवित्र स्नान किया। बांसवाड़ा के त्रिपुर सुंदरी मंदिर में आज प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। वहीं सीकर के प्रसिद्ध स्थल खाटूश्याम जी मंदिर में आज श्याम बाबा के जन्मोत्सव की धूम है। सवाईमाधोपुर, पाली, और कोटा में भी खाटूश्याम का जन्मोत्सव मनाया गया।

000

झालावाड़ ज़िले के झालरापाटन में आज से राज्यस्तरीय चन्द्रभागा पशु मेले की शुरूआत हुई। चंद्रभागा नदी के तट पर लगने वाले इस मेले का जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया। ये मेला 20 नवम्बर तक चलेगा। मेले में पशुपालक अपने पशुओं के साथ पहुंच रहे है। मेले में पर्यटन विभाग की ओर से 14 नवंबर से विभिन्न आयोजन होंगे।

000

भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर श्री मेहता ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अभियान के तहत इन संभावनाओं को पहचान कर काम करें और प्रदेश के सम्पूर्ण विकास को गति दें। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से जनजातीय वर्ग को शिक्षित, स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।

000

श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत 5जी छोटी सहारणावाली में आज किसान गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनोद सिंह गौतम ने आत्मा योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उप परियोजना निदेशक सुदेश कुमार ने रबी फसलों की बिजाई, भूमि में कार्बनिक पदार्थ की बढ़ोतरी, जैविक कृषि के लाभ और वेस्ट डिकम्पोजर के इस्तेमाल में बताया।

000